दिनांकः 25.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की 13 सीटों पर कल होने वाले मतदान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस चरण में टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाडा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां संसदीय क्षेत्रों के लिए वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में 2 करोड़ 80 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसके लिए 28 हजार 105 मतदान केन्द्र और साढे छह सौ सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। इस बीच, आज मतदान दलों की रवानगी शुरू हो गयी है। अंतिम प्रशिक्षण के बाद ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के साथ मतदान टीमें संबंधित केन्द्रों पर पहुंचने लगी हैं, जहां स्थानीय लोगों द्वारा मतदान दलों का स्वागत किया जा रहा है।
निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए राजस्थान पुलिस बल के साथ केन्द्रीय सशस्त्र बलों की कम्पनियां और होमगाड्र्स के जवानों को तैनात किया गया है। दूसरी ओर प्रत्याशी अब भी मतदाताओं को रिझाने में जी जान से जुटे हैं। आज घर–घर जाकर सम्पर्क साधा जा रहा है।

....

राज्य में 13 संसदीय क्षेत्रों पर कल होने वाले मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन विभाग सभी संभव प्रयास कर रहा है। विभाग की ओर से 'कोई भी मतदाता न छूटे' के उद्देश्य के साथ सुगम मतदान और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अंतिम पलों में भी कई प्रयास किये जा रहे हैं।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि महिला मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर लाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा पहली बार वोट डालने वाले नव मतदाताओं को भी प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था की गयी है। मतदान केन्द्रों पर सैल्फी प्वाइंट और हैप्पी आवर्स में वृक्षारोपण करवाने जैसे नवाचार रखे गये हैं। कुछ स्थानों पर मतदाताओं की कतारों की स्थिति की जानकारी के लिए मोबाइल एप के जरिये निगरानी की व्यवस्था भी की गयी है। कई स्थानों पर मतदान की प्रतीक स्याही लगी उंगली दिखाने पर कई प्रतिष्ठानों की ओर से सेवाओं और उत्पादों पर छूट देने जैसी सुविधाएं भी दी गयी हैं।

....

प्रदेश में पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के जिए शुरू की गयी होम वोटिंग सुविधा के तहत 73 हजार 799 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण के तहत 98 दशमलव तीन प्रतिशत और दूसरे चरण में 98 दशमलव चार सात प्रतिशत होम वोटिंग हुई।

....

राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। मतदाओं को प्रेरित करने के लिए भीलवाड़ा जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने आकाशवाणी के माध्यम से अपना संदेश दिया।

....

जैसलमेर के जाजिया गांव के पास आज सुबह वायुसेना का टोही विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया। हादसे में किसी जनहानि के समाचार नहीं हैं। घटना के बाद अग्निशमन गाड़ी ने विमान के मलबे पर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। वायुसेना के अनुसार ये विमान अपनी नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। हादसे की जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

....

परिवहन विभाग ने कोटपूतली–बहरोड़ में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर दस वाहनों को जब्त किया। इस दौरान तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। हाल ही में नीम का थाना

के पाटन में ओवर लोड गाड़ी से हादसे के बाद ये अभियान चलाया गया। अभियान में खनन विभाग और वाणिज्य कर विभाग को भी शामिल किया गया है।

....

पुरातत्व और संग्रहालय विभाग की ओर से जयपुर में पर्यटकों से फीडबैक लेने का नवाचार किया गया है। विभाग के निदेशक पंकज धीरेन्द्र ने बताया कि साफ–सफाई, स्टाफ के व्यवहार और सेवाओं सहित छह बिंदुओं पर आठ हजार से अधिक पर्यटकों का फीडबैक लिया गया है। इसके आधार पर पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट फ्रेंडली बनाने का काम किया जाएगा।

....